Title : Need to address the problem of acute shortage of drinking water in Uttar Pradesh especially in Fatehpur district −Laid.

श्री राकेश सचान (फतेहपुर): महोदय, पूरे उत्तर प्रदेश विशेषकर जनपद फतेहपुर में इस समय अभूतपूर्व पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। अधिकांश कुओं में पानी सूख गया है तथा बचे-खुचे कुओं का जलस्तर बहुत ही नीचे चला गया है तथा पानी पीने के लायक भी नहीं हर गया है। गर्मी का मौसम आने पर समस्या और भी विकराल हो जायेगी। पानी के लिए लगाये गये हैंडपम्प भी अब समुचित मात्रा में पानी दे पाने में असमर्थ हो रहे हैं।

अतः सरकार से मेरा निवेदन है कि वहां की पेयजल की समस्या के स्थाई निदान के लिए केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्रदान करे तथा इस विषय में अविलम्ब आवश्यक कदम उठाये जायें, जिससे वहां के निवासियों को कुछ राहत दिलाई जा सके।